दिनांक 21.02.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सस्ती दवा की राह आसान, शहर को मिला पांचवा जेनेरिक मेडिकल स्टोर, महापौर नीरज पाल ने किया शुभारंभ

भिलाईनगर/ भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने शहर को आज एक और सौगात दी है , लाल बहादूर शास्त्री अस्पताल सुपेला में उन्होंने श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर का आज शुभारंभ किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब पांच जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। महापौर ने शुभारंभ करते ही मेडिकल स्टोर्स से सर्जिकल मास्क खरीदे और पैसे देकर पहले ग्राहक बन गये। शुभारंभ के अवसर पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे , सभापति गिरवर बंटी साहू , एसडीएम मुकेश रावटे , अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट योगेंद्र वर्मा, अधीक्षण अभियंता बी.के. देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महापौर ने मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात स्टोर्स का निरीक्षण किया और स्टोर्स के संचालको से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री सुपेला अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है , सभी लोगों को मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। निगम क्षेत्र में आज शास्त्री अस्पताल सुपेला परिसर के प्रवेश द्वार के पास जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल पांच मेडिकल स्टोर हो गये है। अस्पताल में जेनेरिक स्टोर्स खुलने अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीज एवं परिजनों को दवाइयों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा तथा 55 प्रतिशत छुट के साथ दवाईयां उपलब्ध हो पाएगी। इससे पूर्व शहर में सुभाष मार्केट मेडिकल लाईन , भगवा चौक कुरूद एवं महिला मदर्स मार्केट पावर हाउस तथा 18 नं. रोड में आंगनबाड़ी के पास में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ हो चुका है। अच्छी गुणवत्ता की सस्ती दवाइयों की मांग को देखते हुए तथा शहर में स्वास्थ्यगत योजनाओ को बढ़ावा देने के लिए एक और मेडिकल स्टोर का शुभारंभ महापौर ने किया है। पहले लोगो को अधिक दाम पर दवाईयां मिलती थी, परन्तु अब 55 प्रतिशत की छूट के साथ उच्च गुणवत्ता की दवाईयां मिल रही है जिसमें जेनेरिक ब्रांडेड दवाइयां भी शामिल है। शुभारंभ के अवसर पर मुकेश चंद्राकर , महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर , लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, लालचंद वर्मा , नेहा साहू , केशव चौबे , मालती ठाकुर , चंद्रशेखर गवई , जोन अध्यक्ष रामानंद मौर्या , संतोषनाथ सिंह जालंधर , पार्षद भोजराज सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे। जेनेरिक मेडिकल के शुभारंभ के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में ब्लड स्टोरेज यूनिट का भी शुभारंभ आज महापौर नीरज पाल के द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर , डॉ. सुगम सावंत व अस्पताल के चिकित्सकीय स्टॉफ उपस्थित रहे। सुपेला अस्पताल के प्रभारी डॉ. पियम सिंह ने बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट का शुभारंभ के बाद अब अस्पताल में भर्ती मरीजो के लिए ब्लड की उपलब्धता हो सकेगी। अस्पताल के स्वयं का स्टोरेज हो जाने से ब्लड डोनेट शिविर से आने वाले ब्लड को स्टोरेज भी किया जा सकेगा।